जयपुर, 14 सितम्बर, 2017, गुरुवार वर्ष 20 | अंक 292 | पृष्ठ 16 | ₹ 2.00

# जयपुर महानगर टाइम्स



दो पीएम का पहला ऐतिहासिक 8 किमी लंबा रोड शो।



# शिंजो आबे का राजसी स्वागत

## दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे, भारतीय परिधानों में दिखे जापानी पीएम

विशेष संवाददाता

**अहमदाबाद। जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे दो दिन के दौरे पर बुधवार को भारत पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद एयरपोर्ट पर जापानी पीएम की अगवानी की। पीएम मोदी ने गले मिलकर शिंजो आबे का स्वागत किया। इसके बाद जापानी प्रधानमंत्री आबे को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। एयरपोर्ट से निकलने के बाद पीएम मोदी ने शिंजो आबे के साथ 8 किलोमीटर तक रोड शो किया। यह रोड शो अहमदाबाद एयरपोर्ट से शुरू होकर साबरमती आश्रम पर खत्म हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बार किसी विदेशी पीएम के साथ रोड शो किया। यह देश के इतिहास में पहला मौका था जब दो देशों के प्रधानमंत्री ने खुली जीप में रोड शो किया। इस दौरान 56 कैमरों से पीएम मोदी और आबे के रोड शो की निगरानी की गई। रोड शो के बाद दोनों नेता साबरमती आश्रम पहुंचे। साबरमती आश्रम में पीएम मोदी और शिंजो आबे ने राष्ट्रपिता को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।**

## आमरो मोदीजी ग्रेट छे

**खास** बात ये रही कि आबे और उनकी पत्नी भारतीय पोशाकों में नजर आए। इस दौरान रोड शो देखने पहुंचे लोगों ने नारे लगाए- आमरो मोदीजी ग्रेट छे। दोनों नेता साबरमती आश्रम पहुंचे। दूसरे दिन यानी आज दोनों नेता भारत की बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का शिलान्यास करेंगे। दोनों के बीच बाइलेटरल मीटिंग भी होगी।

## बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट का शिलान्यास आज

## मोदी ने आबे को दिखाई 444 साल पुरानी मस्जिद

**प्रधानमंत्री** मोदी और शिंजो आबे 16वीं शताब्दी की प्रसिद्ध सीदी सैयद मस्जिद पहुंचे। खास बात यह है कि पीएम बनने के बाद पहली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मस्जिद में गए हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने गाइड रूप में शिंजो आबे को मस्जिद की ऐतिहासिक विरासत से रूबरू करवाया।

## कर्जमाफी का सरकार ने बनाया मानस

# सरकार और किसान सभा के बीच बनी सहमति

## किसान नेता अमराराम ने की तुरंत चक्काजाम हटाने की अपील



महानगर संवाददाता

जयपुर। दो दिन गहन मंथन के बाद बुधवार देर रात सरकार व किसान सभा के प्रतिनिधियों के बीच अधिकांश मांगों पर सहमति बन गई। बातचीत में एक उच्चस्तरीय व तकनीकी कमेटी के गठन का भी निर्णय किया गया है।कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी ने बताया कि 2 से 11 नंबर तक के 10 बिन्दुओं पर गहन चर्चा हुई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने किसानों की कर्जमाफी का मानस बना लिया है। चर्चा के दौरान स्वामीनाथन टास्क फोर्स की 80 फीसदी सिफारिशें लागू करने तथा एमएसपी पर खरीद इसी महीने शुरू करने समेत अन्य बातों पर सहमति जताई गई है।इधर, किसान नेता अमराराम ने किसानों से तुरन्त प्रभाव से चक्काजाम हटाने की अपील की है। किसान प्रतिनिधि मंडल और सरकार के मंत्री समूह के बीच पंत कृषि भवन में दूसरे दौर की वार्ता हुई, जिसमें सहमति बनी।

## करंट से बस में आग, 2 जिंदा जले

महानगर संवाददाता

अनूपगढ़। श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ कस्बे में बुधवार को बस में विद्युत करंट दौड़ने से 2 लोग जिंदा जल गए तथा दो दर्जन लोग झुलस गए। झुलसे लोगों का अस्पताल में उपचार जारी है। जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंचे तथा बचाव कार्यों में सहयोग किया।

## उद्योग मंत्री राजपाल का अनुमान

# जीएसटी में 94 हजार करोड़ का होगा टैक्स कलेक्शन

महानगर संवाददाता



जयपुर। देश में जीएसटी लागू हो चुका है और अब जुलाई की रिटर्न भरे जाने के बाद टैक्स कलेक्शन का भी अनुमान सामने आने लगा है। जीएसटी कौंसिल की बैठक में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते रहे उद्योग मंत्री राजपालसिंह ने बताया कि देश में जुलाई में फाइल रिटर्न के आधार पर केंद्र को 91 हजार करोड़ के टैक्स आने की उम्मीद थी, लेकिन यह 3 हजार करोड़ अधिक आया है। जो 94 हजार करोड़ टैक्स हो गया है। उल्लेखनीय है कि राजपाल हाल ही में हैदराबाद में जीएसटी को लेकर हुई काउंसिल की बैठक से हिस्सा लेकर लौटे हैं।

## फर्जी आर्म्स गिरोह की पेशी

# राहुल को 9 और भरत को 2 दिन की रिमांड

विशेष संवाददाता

जयपुर। एटीएस ने अवैध आर्म्स लाइसेंस बनाने और बेचने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड राहुल ग्रोवर और भारत सिंह को कोर्ट में पेश किया। जहां से राहुल ग्रोवर का 22 सितंबर तक का और भरत का 15 सितंबर तक का रिमांड मिला है। राहुल, विशाल,जुबेर और अन्य आरोपितों को आमने-सामने बैठाकर उन्होंने राज्य के कितने और कौन-कौनसे गिरोह और कुख्यात को हथियार के लाइसेंस और कारतूस दिए इसकी पूछताछ हुई।

## सीसीटीवी में कैद प्रद्युम्न की मौत का मंजर, रेंगते हुए टॉयलेट के बाहर आया था मासूम

विशेष संवाददाता

गुड़गांव। प्रद्युम्न मर्डर केस की गुत्थी सुलझाने के लिए एसआईटी ने रेयान इंटरनेशनल स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर उसकी जांच की। जिसमें टॉयलेट के बाहर लगे एक कैमरे में उस मासूम की मौत का मंजर कैद है। फुटेज में खून से सना मासूम प्रद्युम्न टॉयलेट के बाहर फर्श पर रेंगते हुए दिख रहा है। रेयान इंटरनेशनल स्कूल के सभी कैमरों की फुटेज को पुलिस ने जांच के लिए कब्जे में ले लिया था।

## पेट्रोल-डीजल की महंगाई पर पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा

# अब जीएसटी ही उपाय

विशेष संवाददाता



नई दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेट्रोल और डीजल के दाम की दैनिक समीक्षा रोकने के लिए सरकार के हस्तक्षेप से इनकार किया है। ईंधन के दाम में जुलाई के बाद से 7.3 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि के साथ उठ रहे सवालों के बीच उन्होंने कहा, समय आ गया है कि जीएसटी परिषद पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाने पर विचार करे।



*भागवत के जयपुर पहुंचने पर संघ कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया*

# सरसंघचालक भागवत का जयपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत

महानगर संवाददाता

जयपुर। छह दिवसीय प्रवास पर जयपुर पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का भव्य स्वागत किया गया। जयपुर प्रांत के संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने बताया कि सरसंघचालक आगामी 19 सितम्बर तक जयपुर में रहेंगे।

उन्होंने बताया कि सरसंघचालक का यह प्रवास संघ के कार्य विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए रहेगा। वे संपूर्ण राजस्थान के भिन्न-भिन्न दायित्व के स्वयंसेवकों के साथ छोटी-छोटी बैठकें करेंगे। इस दौरान राजस्थान क्षेत्र की बैठक लेंगे और खंड कार्यवाहों के अभ्यास वर्ग में शामिल होंगे।

## विदेश मंत्री सुषमा स्वराज से मांगी मदद

# मकान में आग लगने से 10 भारतीयों की मौत

विशेष संवाददाता

जेद्दाह। सऊदी अरब में बुधवार रात एक मकान में आग लग जाने से उसमें रह रहे 10 भारतीयों की मौत हो गई और 6 अन्य घायल हो गए हैं। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कहा कि जेद्दाह स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारी घटना के बाद नजरान जा रहे हैं। घटना में एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हुई है लेकिन अभी उसकी पहचान नहीं की जा सकी है।

## दाऊद इब्राहिम के खिलाफ ब्रिटेन में बड़ा एक्शन

# 42 हजार करोड़ की संपत्ति जब्त

## पहले भी यूएई सरकार ने करीब 15 हजार करोड़ की प्रोपर्टी अपने कब्जे में ले रखी है



महानगर संवाददाता

लंदन। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के खिलाफ ब्रिटेन में बड़ा एक्शन लिया गया है। ब्रिटेन में दाऊद इब्राहिम की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली गई है। एक ब्रिटिश अखबार ने दाऊद की संपत्ति जब्त होने का दावा किया है। यहां दाऊद के पास होटल और कई घर मौजूद हैं। जिनकी कीमत हजारों करोड़ है। जब्त की गई संपत्ति की कीमत 42 हजार करोड़ बताई जा रही है। ब्रिटेन के एक अखबार में बताया गया है कि दाऊद इब्राहिम दुनिया का दूसरा सबसे अमीर क्रिमिनल है। इससे पहले यूएई में करीब पंद्रह हजार करोड़ की प्रोपर्टीज पर वहां की सरकार ने शिकंजा कसा था।

# सीएम राजे का तीन दिवसीय बूंदी दौरा आज

महानगर संवाददाता



जयपुर। मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे आपका जिला आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत गुरुवार से बूंदी दौरे पर जाएंगी। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राजे दोपहर में जयपुर से छीपाबड़ौद, बारां पहुंचेंगी। यहां कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वे बूंदी पहुंचेंगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बूंदी में विभिन्न विकास कार्यों का अवलोकन करेंगी।